# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, गुरूवार 26 दिसम्बर 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-02, अंक- 88

# प्रधानमंत्री मोदी ने वाजपेयी की जयंती पर अटल भूजल योजना को लॉन्च किया

**» रोहतांग दर्रे के नीचे रणनीतिक सुरंग का नाम वाजपेयी के नाम पर रखा गया**

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर अटल भूजल योजना (अटल जल) आरम्भ की और वाजपेयी के नाम पर रोहतांग दर्रे के नीचे रणनीतिक सुरंग का नाम रखा।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि देश के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण परियोजना रोहतांग सुरंग, जो हिमाचल प्रदेश की मनाली के साथ लेह, लद्दाख और जम्मू-कश्मीर को जोड़ती है, आज से अटल सुरंग के नाम से जानी जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह रणनीतिक सुरंग इस क्षेत्र का भाग्य बदल देगी। यह क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायता करेगी।

अटल जल योजना पर प्रधानमंत्री ने रेखांकित किया कि जल का विषय वाजपेयी के लिए बहुत महत्वपूर्ण और उनके हृदय के बहुत निकट था। हमारी सरकार उनके विजन को कार्यान्वित करने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अटल जल योजना या जल जीवन मिशन से संबंधित दिशा-निर्देश 2024 तक देश के प्रत्येक घर में पानी पहुंचाने के संकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। उन्होंने कहा कि यह जल संकट एक परिवार, एक नागरिक और एक देश के रूप में हमारे लिए बहुत चिंताजनक है और यह विकास को भी प्रभावित करता है। नवीन भारत को हमें जल संकट की प्रत्येक स्थिति से निपटने में तैयार करना है। इसके लिए हम एकजुट होकर पांच स्तरों पर कार्य कर रहे हैं।



उन्होंने जोर देकर कहा कि जल शक्ति मंत्रालय ने जल को वर्गीकृत दृष्टिकोण से मुक्त किया और एक व्यापक तथा समग्र दृष्टिकोण पर बल दिया। हमने देखा है कि जल शक्ति मंत्रालय से समाज की तरफ से जल संरक्षण के लिए कितने व्यापक प्रयास किए गए हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ जल जीवन मिशन प्रत्येक घर में पाइप जलापूर्ति पहुंचाने की दिशा में कार्य करेगा और दूसरी ओर अटल जल योजना उन क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देगा, जहां भूजल बहुत कम है।

जल प्रबंधन में बेहतर प्रदर्शन करने में ग्राम पंचायतों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रधानमंत्री ने कहा कि अटल जल योजना में एक प्रावधान किया गया है, जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को अधिक आवंटन दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि 70 वर्षों में, 18 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से केवल 3 करोड़ के पास पाइप जलापूर्ति की सुविधा पहुंच पाई है। अब हमारी सरकार ने पाइपों के जरिए अगले 5 वर्षों में 15 करोड़ घरों में पीने के स्वच्छ पानी की सुविधा पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि जल संबंधित योजनाएं प्रत्येक ग्राम स्तर पर स्थिति के अनुसार बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के लिए दिशा-निर्देश तैयार करते समय इस पर ध्यान दिया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकारें दोनों ही अगले 5 वर्षों में जल संबंधित योजनाओं पर 3.5 लाख करोड़ रुपये व्यय करेंगी। उन्होंने प्रत्येक गांवों के लोगों से एक जल कार्य योजना बनाने और एक जल निधि सृजित करने का अनुरोध किया। किसानों को एक जल बजट बनाना चाहिए, जहां भूजल बहुत कम है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मोदी, शाह ने वाजपेयी को 95वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी

नईदिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी 95 वीं जयंती पर याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वाजपेयी का जन्म आज ही के दिन 1924 को हुआ था। हिंदी में एक मिनट लंबे वीडियो संदेश में मोदी ने कहा कि जितनी ताकत वाजपेयी के भाषण में थी शायद उससे कई गुना ताकत उनके मौन में थी। उन्होंने कहा, कब बोलना और कब मौन रहना वो जो ताकत थी वो अद्भुत थी। शाह ने कहा कि वाजपेयी वाजपेयी जी ने अपनी राष्ट्रवादी सोच, बेदाग छवि और राष्ट्र समर्पित जीवन से भारतीय राजनीति में एक अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने आगे कहा, विचारधारा और सिद्धांतों पर आधारित अटल जी के जीवन में सत्ता का तनिक मात्र मोह नहीं रहा। उनके नेतृत्व में देश ने सुशासन को चरितार्थ होते देखा।

### केजरीवाल ने शुरू की आवास योजना, बांटे प्रमाण पत्र

नईदिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने झुग्गी झोपड़ी के निवासियों के लिए 'मुख्यमंत्री आवास योजना' का आरंभ किया और कहा कि उनकी आम आदमी पार्टी सरकार दिल्ली के प्रत्येक नागरिक को पक्का घर मुहैया कराएगी। मुख्यमंत्री के अनुसार झुग्गी झोपड़ी में रह रहे 65,000 परिवारों को मंगलवार को प्रमाण पत्र बांटे गए और उन्हें जल्दी ही पक्के घर दिए जाएंगे। इस अवसर पर केजरीवाल ने कहा कि पिछले 70 वर्षों में किसी भी सरकार ने झुग्गी झोपड़ी में रहने वालों के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने कहा कि वितरित किए गए प्रमाण पत्र यह सुनिश्चित करेंगे कि इन झुग्गी झोपड़ियों को भविष्य में ढहाया नहीं जाएगा। दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड को झुग्गी झोपड़ी के निवासियों के लिए पक्के घर बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। बोर्ड ने पक्के घर के लाभार्थियों की संख्या जानने के लिए इस वर्ष जून में एक सर्वेक्षण शुरू किया था जिसमें अब तक 65,000 परिवारों को दर्ज किया जा चुका है। केजरीवाल ने कहा, हम सबके लिए आज यह गर्व और प्रसन्नता का क्षण है। दिल्ली सरकार के सर्वेक्षण में दर्ज हुए झुग्गी झोपड़ी निवासियों को पक्के घर मिलेंगे। उन्होंने कहा, यह प्रमाण पत्र आपकी झुग्गी झोपड़ी के न टूटने, उन पर कब्जा न होने और पक्के घर मिलने का आश्वासन है।

### दुबई में सड़क दुर्घटना में दो भारतीय छात्रों की मौत

दुबई। दुबई में क्रिसमस के दिन बुधवार को तड़के एक सड़क दुर्घटना में दो भारतीय छात्रों की मौत हो गयी। खलीज टाइम्स की खबर के अनुसार रोहित कृष्णकुमार (19) और शरत कुमार (21) एक क्रिसमस पार्टी से लौट रहे थे और रास्ते में सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए। दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। दोनों पीड़ित केरल के रहने वाले थे। कृष्णकुमार ब्रिटेन में पढ़ाई कर रहा था जबकि शरत अमेरिका के एक विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहा था। दोनों अपने परिवार के साथ छुट्टियां बिताने दुबई आए थे। दोनों ने स्कूली शिक्षा दुबई में ली थी।

### बुर्किना फासो में आतंकवादी हमला, 35 लोगों की मौत, 80 आतंकी भी ढेर

बुर्किना फासो। पश्चिमी अफ्रीकी देश बुर्किना फासो के सौम प्रांत में हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 35 लोगों की मौत हो गयी जिसमें अधिकतर महिलाएं शामिल हैं। राष्ट्रपति रोच मार्क ने इस बड़े आतंकी हमले की जानकारी ट्विटर पर दी। राष्ट्रपति ने कहा, इस क्रूर हमले में कम से कम 35 नागरिकों की मौत हो गयी जिसमें अधिकतर महिलाएं शामिल हैं। मैं पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं। इस हमले के जवाब में सेना ने अभियान चलाकर 80 आतंकवादियों को मार गिराया और उनके महत्वपूर्ण उपकरण और वाहन जब्त कर लिए। सेना की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक इस हमले में सेना के चार सैनिकों की मौत हो गयी।

## एनकाउंटर में मारे गए चारों आरोपियों के शव परिवार के सुपुर्द

**» हैदराबाद गैंगरेप**



हैदराबाद (आरएनएस)। तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में वेटनरी डॉक्टर से गैंगरेप और फिर जला कर हत्या करने के आरोपियों के शवों का सोमवार को दिल्ली स्थित एम्स के डॉक्टरों ने फिर से पोस्टमार्टम किया. एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि पोस्टमार्टम पूरा होने के बाद शवों को उनके परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया. अस्पताल में एक अलग कक्ष की व्यवस्था की गई थी, ताकि वहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान के चिकित्सक पोस्टमार्टम कर सकें. पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई. तेलंगाना हाईकोर्ट ने शनिवार को चारों आरोपियों के शवों का फिर से पोस्टमार्टम कराए जाने का आदेश दिया था. ये चारों आरोपी छह दिसंबर को पुलिस के साथ एक कथित मुठभेड़ में मारे गए थे।

आरोपियों के शवों का पहला पोस्टमार्टम छह दिसंबर को ही महबूबनगर के सरकारी अस्पताल में किया गया था, जहां से बाद में इन शवों को गांधी अस्पताल में लाया गया था. कुमार ने कहा कि पोस्टमार्टम पूरा हो चुका है. फॉरेंसिक विशेषज्ञ अपनी रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में हाईकोर्ट को देंगे. उन्होंने कहा कि शिनाख्त प्रक्रिया पूरी होने के बाद शवों को परिजन को सौंप दिया गया. दो-दो शव लेकर दो एंबुलेंस आरोपियों के नारायणपेट जिले स्थित पैतृक गांव रवाना हुईं.

दूसरी बार पोस्टमार्टम शुरू करने से पहले एम्स के चिकित्सकों के दल ने मृतकों को परिजन से बातचीत की और उनके बयान दर्ज किए. उन्होंने कहा कि दल के सदस्य पहले मृतकों के परिजन से बात करना चाहते थे. इसी के अनुरूप हमने दल के साथ परिजन की मुलाकात की व्यवस्था की. दल ने उनका बयान दर्ज किया.

## पीएम मोदी ने किया अटल बिहारी वाजपेयी की 5 टन वजनी प्रतिमा का अनावरण

लखनऊ (आरएनएस)। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकभवन में उनकी प्रतिमा का अनावरण किया। ये प्रतिमा 25 फुट ऊंची है और इसका वजन 5 टन है। ये प्रतिमा राजस्थान से यहां लाई गई है। आज समारोह के दौरान राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सीएम योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहे।

लखनऊ में ही अपने संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि, मैं आग्रह करूंगा कि झूठे अफवाहों में आकर हिंसा करने वालों को, सरकारी संपत्ति को तोड़ने वालों को मैं बहुत आग्रह से कहना चाहूंगा कि बेहतर सड़क, बेहतर ट्रांसपोर्ट सिस्टम, उत्तम सीवर लाइन नागरिकों का हक है तो इसे सुरक्षित रखना और साफ-सुथरा रखना भी तो नागरिकों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि अफवाह सुनकर हिंसा न करें। उन्होंने कहा कि, हमारी सरकार के लिए सुशासन का अर्थ है- सुनवाई, सबकी हो। सुविधा, हर नागरिक तक पहुंचे। सुअवसर, हर भारतीय को मिले। सुरक्षा, हर देशवासी अनुभव करे और सुलभता, सरकार के हर तंत्र की सुनिश्चित हो। मोदी ने कहा कि जिन लोगों ने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया और यूपी में विरोध के नाम पर हिंसा में शामिल थे, अगर उन्हें सही करना चाहिए तो उन्हें आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2024 तक देश के हर घर जल पहुंचाने का संकल्प सिद्ध करने में महती भूमिका निभाने वाली अटल भूजल योजना की बुधवार को शुरुआत की। मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर सात राज्यों के 8300 से अधिक ग्राम पंचायतों के भूजल को दुरुस्त करने वाली अटल भूजल योजना' की शुरुआत करते हुए कहा कि इस योजना से महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात का भूजल स्तर उठाने में बहुत मदद मिलेगी।

राजधानी के विज्ञान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में इन सात राज्यों में 78 जिलों में 8,300 से ज्यादा ग्राम पंचायतों में भूजल की स्थिति में सुधार होगा। मोदी ने कहा कि पंचायतों में भूजल की स्थिति बहुत ही चिंताजनक है।

## एनपीआर पर अरुंधति राय के विवादित बयान से गरमाई सियासत, भाजपा ने साधा निशाना

**» कांग्रेस ने किया किनारा**

नईदिल्ली (आरएनएस)। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) और एनआरसी के खिलाफ हुए प्रदर्शन में शामिल लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता अरुंधति रॉय ने आज एक विवादित बयान दे दिया। प्रदर्शन के दौरान राय ने कहा कि वे इसका विरोध करें और जब अधिकारी एनपीआर के लिए आपका डेटा लेने के लिए आपके घर आएं तो आप अपना नाम और पता गलत बता दीजिए।

अरुंधति ने कहा कि-जब एनपीआर लेकर आएंगे। आपसे आपका नाम पूछेंगे। हम पांच नाम तय करते हैं। आप अपना नाम रंगा बिल्ला या कुंगफू कुत्ता या 7 रेस कोर्स रोड बताइएगा। हम सिर्फ लाठी और गोली खाने पैदा नहीं हुए हैं और भी सोच कर करना होगा। अरुंधति रॉय ने बेहद तल्ख अंदाज में सरकार की आलोचना करते हुए कहा, नॉर्थ ईस्ट में जब बाढ़ आती है तो मां अपने बच्चों को बचाने से पहले अपने नागरिकता के साथ दस्तावेजों को बचाती है, क्योंकि उसे मालूम है कि अगर कागज बाढ़ में बह गए तो फिर उसका भी यहां रहना मुश्किल हो जाएगा। वहीं इस सभा में पहुंचे जेएनयू के पूर्व प्रोफेसर और अर्थशास्त्री अरुण कुमार ने कहा कि वे सरकार से शिक्षा एवं अपने रोजगार को लेकर प्रश्न पूछें। कुमार ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था बुरी तरह लड़खड़ा चुकी है, विकास दर साढ़े चार प्रतिशत भी नहीं बची। और इसी तथ्य को छुपाने के लिए ऐसे कानून लाए जा रहे हैं।




अरुंधति के इस विवादित बयान पर उन पर निशाना साधा जा रहा है। भाजपा सांसद सुब्रमण्यन स्वामी का कहना है कि यह हैरान करने वाला है। यह देशद्रोह है। एनपीआर के लिए सरकार जो डेटा मांग रही है वह वीजा, मास्टर कार्ड, बैंक और अन्य जगहों पर मांगे जाने वाले जरूरी डेटा से कम है। उधर, जब कांग्रेस के अधीर रंजन चौधरी से इस बयान पर प्रतिक्रिया मांगी गई तो इसने कहा कि यह अजीब हो सकता है लेकिन वह इस पर कुछ नहीं कहना चाहते। उन्होंने कहा, हम लोगों से यही कहना चाहेंगे कि सरकार हो या आम जनता उन्हें संविधान के नियम, कानून के मुताबिक चलना चाहिए।

## सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे हेमंत सोरेन

नईदिल्ली (आरएनएस)। झारखंड के भावी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार को कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात करेंगे और 29 दिसंबर के शपथ ग्रहण समारोह के लिए उन्हें आमंत्रित करेंगे।

हेमंत सोरेन कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से मिलकर राज्य में गठबंधन सरकार के गठन पर चर्चा भी करने वाले हैं।

कांग्रेस अपने किसी वरिष्ठ नेता के लिए उपमुख्यमंत्री पद का दावा कर सकती है, और यह पद या तो राजेंद्र सिंह या आलमगीर आलम को मिल सकता है।

हेमंत सोरेन ने मंगलवार को राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर सरकार गठन का दावा पेश किया था। राज्यपाल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेता को सरकार गठन के लिए आमंत्रित किया है। शपथग्रहण समारोह 29 दिसंबर को अपराह्न एक बजे होगा। विधानसभा चुनाव में झामुमो गठबंधन ने 47 सीटें जीती है। इसके साथ ही गठबंधन ने अपने पूर्व सहयोगी बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व वाले झारखंड विकास मोर्चा-प्रजातांत्रिक का समर्थन भी हासिल कर लिया है। झामुमो अध्यक्ष शिबू सोरेन के आवास पर विधायकों की एक बैठक में मंगलवार रात हेमंत सोरेन को गठबंधन का नेता चुना गया।

इसके पहले झामुमो के नवनिर्वाचित विधायकों ने हेमंत को पार्टी विधायक दल का नेता चुन लिया।

## 13 के खिलाफ चार्जशीट दाखिल, अशरफ और मोइनुद्दीन पर चलेगा हत्या का मुकदमा

**» कमलेश तिवारी हत्याकांड**

लखनऊ (आरएनएस)। हिन्दू समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी हत्याकांड मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने 13 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया है। आरोपियों में से अशरफ और मोइनुद्दीन पर हत्या के आरोप लगाए गए हैं। जबकि बाकी लोगों को साजिश रचने का आरोपी बनाया है। आपको बता दें कि मुख्य आरोपी अशफाक और मोईनुद्दीन को गुजरात एटीएस ने गिरफ्तार किया था।

इन दोनों पर हत्या का मुकदमा चलेगा। अन्य आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की अन्य धारा के खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा। जांच के बाद साजिशकर्ता गुजरात के सूरत निवासी रशीद अहमद पठान उर्फ राशिद, मौलाना मोहसिन शेख, फैजान यूनुस, इनके मददगार नागपुर के सैय्यद आसिम अली, बरेली के कैफी अली, वकील नावेद, कामरान, लखीमपुर के पलिया निवासी रईस व आसिफ को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस की चार्जशीट में इनके नाम भी शामिल हैं।



आपको बता दें कि लखनऊ के नाका के खुर्शीदबाग की तंग गलियों में रहने वाले हिंदू समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश तिवारी (50) को 18 अक्टूबर को दो बदमाशों ने बेरहमी से हत्या कर दी थी। दोनों बदमाश मिठाई के डिब्बे में पिस्टल व चाकू छिपाकर कमलेश के घर की पहली मंजिल पर स्थित दफ्तर पहुंचे थे। आरोपियों ने पहले कमलेश की गर्दन पर गोली मारी। फिर चाकू से ताबड़तोड़ वार करने के बाद गला रेत दिया था। पुलिस को मौके से एक पिस्टल व एक खोखा बरामद हुआ था।

## अटल राष्ट्रहित को पार्टी से ऊपर रखते थे : राजनाथ

लखनऊ (आरएनएस)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को यहां कहा कि अटलहमेशा ही राष्ट्रहित को पार्टी के हित से ऊपर रखते थे। राजनाथ यहां अटल बिहारी वाजपेयी की 95वीं जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। राजनाथ सिंह ने कहा, मैं अपने आप को सौभग्यशाली मानता हूं कि जहां से अटल निर्वाचित होते थे, वहां से ही मुझे कार्य करने करने का अवसर मिला है। अटल राष्ट्रहित को सबसे ऊपर रखते थे। उल्लेखनीय है कि राजनाथ लखनऊ से सांसद हैं। उन्होंने कहा, अटल अजातशत्रु थे।

वे कहते थे कि सरकारें बनती और गिरती हैं, राजनीतिक दल बनते हैं टूटते हैं, सत्ता का खेल तो चलेगा। पार्टियां बनेंगी बिगड़ेंगी, मगर यह देश रहना चाहिए। इस देश का लोकतंत्र रहना चाहिए। उन्होंने यहां तक कि 1971 में पाकिस्तान के साथ युद्ध में भारत को मिली जीत पर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूरि-भूरि प्रशंसा की थी। रक्षामंत्री ने कहा, देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने भी वर्षों पहले कहा था कि मुझे लगता है कि यह व्यक्ति (अटल बिहारी वाजपेयी) एक दिन भारत का प्रधानमंत्री बन सकता है। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने अटल की प्रतिमा को भव्य बताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की।



इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, अटल का सपना था कि सरकारी योजनाओं का लाभ देश के आम नागरिक तक पहुंचे। केंद्र व राज्य सरकार इसी संकल्प के साथ काम कर रही है। मैं अटलको श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।